भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

26.06.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 824 का उत्तर

गरीब रथ एक्सप्रेस के फेरे

824. श्री गोपाल जी ठाकुर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जयनगर-आनंद विहार (नई दिल्ली) गरीब रथ एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाए जाने के संबंध में मंत्रालय के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस पर गंभीरता से विचार करेगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): इस समय, परिचालनिक कठिनाईयों के कारण,12569/12570 जयनगर-आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस के फेरों को सप्ताह में दो दिन से बढ़ाकर दैनिक करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****